भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2482
13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालय

2482. श्री सुरेश कुमार कश्यप:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देशभर में चल रहे चिकित्सा महाविद्यालयों की हिमाचल प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-बार कुल संख्या कितनी है;
(ख) हिमाचल प्रदेश में चल रहे ऐसे चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या कितनी है जो अपने स्थायी भवनों/परिसरों में चल रहे हैं और कितने महाविद्यालय अस्थायी या अन्य भवनों में चल रहे हैं;
(ग) क्या कुछ चिकित्सा महाविद्यालयों के पास अपने स्थायी भवन उपलब्ध नहीं हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) स्थायी भवनों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और क्या कार्य योजना तैयार की गई है, और
(ङ) शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सिरमौर जिले के चिकित्सा महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में देश भर में (एम्स और आईएनआई सहित) कुल 818 मेडिकल कॉलेज हैं। इन मेडिकल कॉलेजों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों' की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) संचालित करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, सभी परिकल्पित 157 मेडिकल कॉलेजों को तीन चरणों में अनुमोदित किया गया है, जिनमें हिमाचल प्रदेश के

चंबा, हमीरपुर और नाहन स्थित 3 मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। ये तीनों मेडिकल कॉलेज कार्यशील हैं। योजना से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, इस योजना के तहत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों का नियोजन कार्यान्वयन और संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ठेकेदार और कार्यान्वयन एजेंसी में विवाद के कारण सिरमौर मेडिकल कॉलेज परियोजना बाधित हुई है।

*****

लोकसभा दिनांक **13.02.2026** के अतारांकित प्रश्न संख्या **2482** के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

देश भर में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार के अनुसार मेडिकल कॉलेज

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**निजी कॉलेज**	**सरकारी कॉलेज**	**कुल कॉलेज**
1	आंध्र प्रदेश	20	19	39
2	अंडमान और निकोबार	0	1	1
3	अरुणाचल प्रदेश	0	1	1
4	असम	0	16	16
5	बिहार	12	13	25
6	चंडीगढ़	0	1	1
7	छत्तीसगढ़	5	11	16
8	दादरा एवं नगर हवेली	0	1	1
9	दिल्ली	2	9	11
10	गोवा	0	1	1
11	गुजरात	19	24	43
12	हरियाणा	9	8	17
13	हिमाचल प्रदेश	1	7	8
14	जम्मू एवं कश्मीर	1	11	12
15	झारखंड	3	7	10
16	कर्नाटक	48	24	72
17	केरल	22	14	36
18	मध्य प्रदेश	14	21	35
19	महाराष्ट्र	42	43	85
20	मणिपुर	1	3	4
21	मेघालय	1	2	3
22	मिजोरम	0	1	1
23	नगालैंड	0	1	1
24	ओडिशा	6	15	21
25	पुदुचेरी	7	2	9
26	पंजाब	7	6	13
27	राजस्थान	15	34	49
28	सिक्किम	1	0	1
29	तमिलनाडु	40	38	78
30	तेलंगाना	29	37	66
31	त्रिपुरा	2	1	3
32	उत्तर प्रदेश	37	51	88
33	उत्तराखंड	4	6	10
34	पश्चिम बंगाल	15	26	41